हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 भविष्य को देखते हुए शहर के लिए लांग टर्म ...



07 अतिथि शिक्षक को ज्वॉइन कराने के बदले में ...



## खबर संक्षेप में

### टिकोन धाम पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया

**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम टिकोन में स्थित प्रसिद्ध रामदेव धाम दरबार में गुरु पूर्णिमा पर्व पर बाबारी भक्तों द्वारा रामदेव धाम के सेवक गुरुजी शिवनारायण पाटीदार से सुख समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना करते हुए उनकी चरण वंदना कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात रहे कि टिकोन में स्थित रामदेव धाम पर आने वाले भक्तों की हर मनोकामनाएं बाबा के आशीर्वाद से पूर्ण होती है, वही भक्तों के दुःख संकट का निवारण भी बाबा के द्वारा किया जाता है। इस स्थान पर प्रदेश सहित देश के अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में बाबारी भक्त अपनी मनोकामना तथा दुःख संकट के निवारण के लिए पहुंचते हैं।

### बिना पूर्व अनुमति अवकाश पर प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने 28 जुलाई 2025 से 8 अगस्त तक चलने वाले विधानसभा सत्र के दौरान जिले के सभी अधिकारियों (जिला प्रमुखों) को बिना अनुमति के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि बिना अनुमति के अवकाश पर न जाएं, अवकाश पर जाने के लिए नोडल अधिकारी की पूर्व अनुमति आवश्यक है।

### विद्यार्थी कर सकेंगे 30 तक ऑनलाइन पंजीयन

**सीहोर।** प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है।

### गुरु पूर्णिमा का दिन शिष्य के लिए होता है उसके पूर्ण समर्पण का दिन

# गुरु वह होता है जो शिष्य के जीवन में प्रकाश को निरंतर ही बढ़ाता है






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गुरु के प्रति श्रद्धा के साथ जो पूर्ण रूप से समर्पित होते हैं, वहां गुरु सामने रहे या न रहे गुरु के बताए मार्ग पर चलने का कार्य करते हैं। गुरु पूर्णिमा का दिवस बड़े ही महत्व का दिन होता है। यहां दिन छोटे-मोटे संकल्प का दिन नहीं, बहुत बड़े संकल्प का दिन होता है, समर्पण का दिन होता है। शिष्य के जीवन में जो प्रकाश को निरंतर बढ़ाता जाता है, वहां गुरु होता है।

सत्य साधना से आप मन को शांत व स्थिर करने की स्थिति में आने लग जाते हैं। स्थानीय बगलामुखी रिसोर्ट में गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर आयोजित धर्म सभा में जीवन में गुरु के महत्व को बताते हुए खरतरगच्छाधिपति, सिद्धांत महोदधि, व्याख्यान वाचस्पति 1008 श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब ने उपस्थित समाज जनों के समक्ष यहां बात कही। उन्होंने कहा कि गुरु का महत्व जो गुण में रुचि रखता है, गुरु परम कृपालु करुणा के निधान होते हैं। गुरु शब्द में दो अक्षर है पहले गु यानी गुण, अच्छाई, भलाई दूसरा रू रुचि रखने वाला। यानी अच्छाई में जो रुचि रखता है वहां गुरु। शिष्य के जीवन में जो प्रकाश की निरंतरा बढ़ाता जाता है वहां गुरु होता है। गुरु के होने से हमारे जीवन का अंधेरा घटता जाता है, भागता चला जाता है। इसीलिए जीवन में गुरु का होना आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा का दिन समर्पण का दिन होता है। यहां दिन हमें एक अवसर देता है संकल्प का की कुछ ऐसा संकल्प करें कि हम भौतिकता के वातावरण में नहीं,आध्यात्मिकता की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा बहुत बड़ा संदेश देता है कि आप गुरु के प्रति पूर्ण श्रद्धा व समर्पण के भाव रखें। गुरु के पास जब तक आते नहीं है, तब तक बुद्धि का उपयोग करने की छूट होती है। लेकिन जब गुरु बना लिया जाता है तो फिर गुरु की बात पर गुरु के आदेश पर बुद्धि का उपयोग करना बंद करना होता है। उनके आदेश के अनुसार चलने तथा उसके अनुसार बुद्धि का उपयोग करना चाहिए। गुरु ने जो कह दिया वहां हमारे लिए सत्य है। हमारी सारी डिग्रियां एक किनारे एवं एक ही डिग्री साथ में हो गुरु की हां मैं हमारी हां हमारा समर्पण है। गुरु के चरणों में माथा झुका दिया तो फिर माथा लगाने बंद कर देना। तभी वहां समर्पण ही समर्पण कहलाता है। उन्होंने कहा गुरु हमेशा शिष्य के गुणों में निस्तार में ही अपनी पूरी शक्ति व सामर्थ लगा देता है। मनुष्य संकल्प कर ले दृढ़ निश्चय कर ले तो वहां पहाड़ को भी तोड़ सकता है। गुरु तो वह गुरु होता है, जो कभी डगमगाता नहीं है। उन्होंने कहा कि मनुष्य में ईश्वर भी होता है, गुरु ही होता है जो हमारे भीतर के ईश्वर को प्रकट करने की राह पर हमें चलाता है। हमारे भीतर की अनंत शक्ति, आनंद का स्वरूप, अनंत भक्ति को प्रकट करने के रास्ते पर चला देते हैं वहां गुरु ही होता है। अरिहंत का स्वरूप परमात्मा का स्वरूप तो है ही, गुरु का स्वरूप भी होता है। प्रभु व गुरु ने भी आत्मा के कल्याण के लिए सत्य साधना का मार्ग बताया है। सत्य साधना की यही सबसे बड़ी विशेषता है जिसे प्रभु ने दिखाया व खोजा है। सत्य साधना को अरिहंत ने अपने जीवन में धारण किया स्वयं भी चलते है और औरों को भी इस मार्ग पर चलाया। प्रभु व गुरु का साम्राज्य सत्य साधना में विद्यमान है, सत्य साधना हमारे भीतर की शक्तियों को जागृत करती है। मनुष्य जीवन की सार्थकता इसमें है कि हम अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े। गुरुदेव ने कहा कि गुरु ने जो आज्ञा दे दी वहां शिष्य के लिए अविचारणीय होना चाहिए वहां पर बुद्धि लगाने की कोई जरूरत नहीं है। सत्य साधना हमारे जीवन में परिवर्तन लाती है, सत्य साधना जीवन का कायाकल्प कर देती है,सत्य साधना हमारे भीतर के तारों से जुड़ी होती है।

सत्य साधना करने से मन शांत व स्थिर करने की स्थिति में आने लग जाता है। उन्होंने कहा कि जो वर्तमान में होता है वहां वर्धमान होता है, उनके जीवन में शांति, आनंद, समृद्धि, वैभव बना रहता है। सत्य साधना से कर्मों के बंधन बंद हो जाते हैं, वहीं मनुष्य कर्मों के बंधन से मुक्त हो जाता है। सत्य साधना का रास्ता वैज्ञानिक रास्ता है। जिस प्रकार नदी सभी की होती है, सभी के लिए होती है। ठीक उसी प्रकार सत्य साधना सभी की होती है, सभी के लिए होती है। धर्म सभा के अंत में गुरुदेव ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी से यहां कहा कि आप सभी यहां संकल्प ले की आप सत्य साधना के मार्ग पर निरंतर ... निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे। धर्म सभा में उपस्थित भावी श्री पूज्य यति अमृत सुंदरजी महाराज साहब, यति श्री सुमति सुंदरजी महाराज साहब, आर्या श्री समकित प्रभा श्री जी महाराज साहब के द्वारा भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अपने गुरु श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रति कृतज्ञता के भाव व्यक्त किए गए।

### गुरुदेव के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

# नलखेड़ा की धन्य धरा पर पूज्य जिनचंद्रसूरी महाराज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नलखेड़ा की धन्य धरा पर श्री पूज्य परंपरा के 40 वें पट्टधर जंगम युग प्रधान वृहद भट्टारक खरतरगच्छाधिपति, सिद्धांत महोदधि, व्याख्यान वाचस्पति 1008 श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब के पावन सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही हर्षौल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।



समारोह में देश के कई स्थानों से आए गुरु भक्तों द्वारा गुरुदेव श्री की वासक्षेप से चरण पूजन कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के मां बगलामुखी मार्ग स्थित बगलामुखी रिसोर्ट में गुरुवार को प्रातः 9:00 बजे से खरतरगच्छाधिपति 1008 श्री पूज्य जिनचंद्रसूरिजी म. सा. के दिव्य आनंदमय सानिध्य में प्रथम बार गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन परम गुरु भक्त जयंत धूपिया एवं अरविंद सिंघवी परिवार द्वारा रखा गया था । आयोजन में हजारों गुरु भक्तो ने पहुंचकर गुरु भक्ति का परिचय दिया। वहीं श्री पूज्यजी ने अपने सभी भक्तों को गुरु पूर्णिमा के इस अवसर पर अपना मंगलमय आशीष प्रदान किया गया। श्री पूज्य परंपरा के 40 वें पट्टधर जंगम युग प्रधान वृहद भट्टारक खरतरगच्छाधिपति, सिद्धांत महोदधि, व्याख्यान वाचस्पति 1008 श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब 7 जुलाई से नगर में मां बगलामुखी मार्ग स्थित एमबीआर रिसोर्ट में विराजित है। जहां आप श्री की पावन निश्रा में 7 से 10 जुलाई तक सत्य साधना का कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने भाग लेकर सत्य साधना की गई। 10 जुलाई को प्रातः 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का कार्यक्रम एमबीआर रिसोर्ट में श्री पूज्य श्री जिनचंद्र सूरि जी महाराज साहब एवं भावी श्री पूज्य यति अमृत सुंदरजी महाराज साहब, यति श्री सुमति सुंदरजी महाराज साहब, आर्या श्री समकित प्रभा श्री जी महाराज साहब के दिव्य आनंद मय सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ युवा तथा महिलाओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति डा. श्रेयांश जैन बीकानेर के मार्गदर्शन में दी गई। हजारों की संख्या में उपस्थित नगर तथा अन्य स्थानों से आए गुरु भक्तों द्वारा गुरुदेव श्री का गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वासक्षेप से चरण पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुदेव ने प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकारों की प्रस्तुति की प्रशंसा की।

#### भक्ति संध्या का हुआ कार्यक्रम

मां बगलामुखी रिसोर्ट पर 9 जुलाई रात्रि 7 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायक परम गुरु भक्त सिद्धार्थ डागा (पिंटू स्वामी) बीकानेर की भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया था। जिसमें एक से बढ़कर एक सुंदर गुरू भजनों की प्रस्तुति संगीत की स्वर लहरियों के साथ दी गई। कार्यक्रम के दौरान गुरुदेवश्री भी उपस्थित रहे। वही सैकड़ो की संख्या में नगरवासी व गुरु भक्त भी भक्ति संध्या को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे।



## सांदीपेंद्र आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर पूजन के साथ भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गुरुपूर्णिमा के अवसर पर माँ बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया।

गुरुवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर भक्तों द्वारा परमपूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री सांदीपेन्द्र जी महाराज (पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) का गुरु पूजन किया गया। गुरु पूजन का कार्यक्रम प्रातःकाल से देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में आश्रम पहुंचे भक्तों के साथ कई जनप्रतिनिधि संतो व अन्य प्रदेशो से आए भक्तों द्वारा श्रद्धा एवं आस्था के साथ विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ गुरुपूजन कर आरती की गई। वहीं इस दौरान कई भक्तो को संत श्री द्वारा गुरु दीक्षा भी प्रदान की गई। सुबह 11 बजे से आश्रम में भक्तों के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा प्रसादी ग्रहण की गई।

## सरस्वती शिशु मंदिरों में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया

**नलखेड़ा।** नगर में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवकुंज सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवकुंज एवं सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुखर्जी मार्ग पर गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। सभी स्थानों पर अतिथियों द्वारा गुरु शिष्य की प्राचीन परंपरा का वर्णन करते हुवे कई उदाहरणों के माध्यम से जीवन मे गुरु का स्थान सर्वोच्च बताया। सभी स्कूलों में भैया बहिनों द्वारा आचार्य परिवार का सम्मान किया गया।



## खेड़ापति हनुमान मंदिर पर किया प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार

**नलखेड़ा।** नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर पर गुरुवार गुरु पूर्णिमा पर्व पर अंजनीलाल का मनोहारी आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिसे निहारने के लिए बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे। गुरुवार गुरु पूर्णिमा पर्व पर नगर के मध्य में स्थापित अति प्राचीन श्री खेड़ापति मंदिर पर हनुमान प्रतिमा का मंदिर के पुजारी द्वारा कथाई कलर का दुपट्टा व वस्त्र पहनकर मनोहारी आकर्षक श्रृंगार किया गया। बालाजी के दर्शन के लिए प्रातः काल से बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचकर बाबा के अनुपम श्रृंगार के दर्शन कर रहे थे यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। रात्रि के समय मंदिर पर भव्य सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया गया।

## सांदीपनि विद्यालय में गुरु वंदना हुई आयोजित

**नलखेड़ा।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा गुरु वन्दना कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ हुई। विद्यालय की छात्राओं ने गुरु वन्दना प्रस्तुत कर पुष्पहार एवं श्रीफल द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक दुर्गाप्रसाद शर्मा का विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने पुष्पहार एवं श्रीफल द्वारा स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद लिया। विद्यालय की छात्राओं ने गुरु की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि दुर्गाप्रसाद शर्मा विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर आदि ने छात्राओ को आशीर्वचन दिए एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर एक दिवसीय मेले का आयोजन, श्रद्धालुओं ने लिया आशीष

# पांडवकालीन बल्डावदा हनुमान मंदिर पर उमड़ा भक्तों का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गुरूपूर्णिमा के अवसर पर पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर प्रातः काल से देर रात तक भक्तों का सैलाब उमडता रहा। इस अवसर पर अंजनी लाल का विशेष व आकर्षक श्रृंगार किया गया था। संध्याकाल में हनुमानजी की महाआरती संपन्न हुई।

गुरूपूर्णिमा के अवसर पर परंपरानुसार नगर से 2 किमी दूर स्थित श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर गुरुवार को एक दिवसीय मेले का आयोजन हुआ। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष हवन सम्पन्न हुआ वहीं श्री बल्डावदा हनुमान प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को भी पुष्पों व अन्य सजावटी सामग्री के साथ विद्युत रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। यहाँ प्रातः से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। मेले में विभिन्न व्यंजनों




की दुकानों के साथ अन्य सामग्री की दुकानों से नागरिकों द्वारा खरीदारी कर मेले का लुफ्त उठाया गया। वही मेले में पहुंचे झूले मिक्की माउस जंपिंग झूले में बच्चों ने जमकर धमाल किया। दिनभर भक्त पहाड़ी पर पत्थरों के नीचे से बिच्छू निकालते रहे। जिनमे कई भक्त कामयाब हुवे तो कई को निराशा हाथ लगी। यहां गुरु पूर्णिमा के दिन पत्थरों के नीचे से बिच्छू निकलते है जो किसी को काटते नही है।

शाम 6 बजे बाद ऊची पहाडी पर खडे होकर देखने पर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हनुमान मंदिर पहुचने के मार्ग पर भक्तो का रेला आ रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इस रमणीय स्थल पर वर्ष भर में मात्र गुरु पूर्णिमा के दिन इस स्थल पर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं। श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर समिति के द्वारा यहां आने वाले दर्शनार्थी भक्तों को प्रसादी का वितरण भी किया गया। गुरु पूर्णिमा पर्व होने से भक्तों द्वारा यहां पर मंदिर की देखरेख कर रहे संत 1008 श्री रामचंद्रदास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### प्रसादी का किया वितरण

पूर्णिमा पर्व पर बाबा के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए नगर परिषद व ब्लडावदा भक्त मंडल द्वारा प्रसादी ( नुक्ति ) का वितरण किया गया जहां मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में प्रसादी गृहण की गई।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सवः मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तों ने की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गुरु पूर्णिमा पर विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। प्रातःकाल से देर शाम तक दर्शनार्थ भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही। गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मां बगलामुखी के दर्शन करने देशभर से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। दिनभर दर्शनार्थ भक्तों की कतारें लगी रही। इस दौरान भक्त माता के जयकारे लगा रहे थे।

दर्शनार्थ पहुंचे भक्तों में से कई भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना को लेकर हवन-अनुष्ठान भी किये गए। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर माता रानी का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मंदिर प्रबंध समिति व प्रशासन लाख दावे कर दे कि मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले चौपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल की समुचित



व्यवस्था है लेकिन अभी तक वास्तविकता में यह एक दिवास्वप्न के समान है। गुरुवार को भक्तों को पार्किंग की समस्या से फिर से जूझना पड़ा। पार्किंग स्थल के अभाव में सड़क पर ही वाहन खड़े कर दिए जाने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। दोपहर तक तो यह जाम मां बगलामुखी मंदिर मार्ग से सरदार पटेल चौराहे तक लगता रहा।

खबर संक्षेप

## श्री दत्त पादुका मंदिर क्षेत्र में गुरू दीक्षा देने के साथ मना गुरुपूर्णिमा उत्सव



**देवास।** गुरूपूर्णिमा उत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पारम्परिक रूप से श्री दत्त पादुका मंदिर क्षेत्र बांगर में मनाया गया। व्यवस्थापक एवं पुजारी श्री दत्तप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि गुरूपूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई को श्री क्षेत्र बांगर स्थित श्री दत्त पादुका मन्दिर पर प्रातः गुरु पादुका का 11 ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक कर आरती की गई। इसके बाद गुरुपूजन का कार्यक्रम के साथ नए साधको को गुरुदीक्षा दी गई एवं पुराने शिष्यों द्वारा बड़े गुरु काका महाराज का पूजन किया गया। दत्त पीठ के पीठाधीश्वर श्री श्रीपाद अवधूत स्वामी द्वारा नए भक्तों को गुरु दीक्षा प्रदान की गई।सुबह से ही मंदिर पर दर्शनार्थियों की भीड़ लगने लगी। गुरूदीक्षा कार्यक्रम प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक चला,जिसमे अनेकों भक्तों ने गुरु दीक्षा स्वामी श्रीपाद अवदूत महाराज से ग्रहण की। इस अवसर पर भंडारे के रूप में महाप्रसादी साबूदाने खिचड़ी व खोपड़ा पाक प्रसाद का वितरण भी मंदिर परिसर से किया गया। शाम तक सैकड़ो भक्तों के दर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहा। कई वर्षों बाद मंदिर पर गुरुदीक्षा देने का कार्य आरंभ हुआ। इसके पूर्व बड़े काका महाराज जो कि ब्रम्हचारी थे उनके द्वारा भक्तों को दीक्षा दी गई थी,इसके बाद छोटे काका महाराज ने क्रम को जारी रखते हुए कुछनेक लोगो को दीक्षा दी।अब यह परंपरा को जारी रखने का कार्य मंदिर के पीठाधीश्वर श्री श्रीपादअवधूत स्वामी जी कर रहे,जो कि ब्रम्हचारी है।बड़ी धूमधाम से शाम तक अनेक कार्यक्रम मंदिर परिसर में होते रहे। शाम को सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति मे महाआरती की गई।

### बैठक में जिले में जीर्णशीर्ण शासकीय-अशासकीय भवनों को तोड़ने दिए निर्देश

# भविष्य को देखते हुए शहर के लिए लांग टर्म ट्रैफिक मोबेलिटी प्लान बनाएं: कलेक्टर

कलेक्टर की अध्यशक्षता में हुअ बैठक में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए अहम निर्णय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत, विधायक प्रतिनिधि भरत चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक एच एन बाथम, ट्रैफिक टीआई पवन कुमार सहित नगर निगम, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिए कि शहर में फुटपाथ और सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाये। नगर निगम शहरी क्षेत्र से गोवंशों को गोशाला में शिफ्ट करें। बिना अर्थदण्ड लगाये किसी भी गोवंश को नहीं छोडे। स्कूल वाहन चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाये। इसके लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करें। नवचार करते हुए पोर्टल बनवाये और वाहन चालक की सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें। बरसात को देखते हुए शासकीय-अशासकीय जीर्णशीर्ण भवनों को तोड़ने की कार्यवाही करें। नगर निगम शहर में जीर्णशीर्ण भवनों का चिन्हाकन कर उन्हें तोडने की कार्यवाही करें। उज्जैन तिराहा से नागुखेड़ी बायपास तक मार्ग का फोर-लेन निर्माण किया जाना है। नगर निगम उज्जैन तीराहा से नागुखेडी तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिये कि नए रोड पर कहा-कहा कट पॉइंट बनेंगे उसका निर्णय सड़क सुरक्षा समिति में होगा। रोड का कार्य भविष्य को देखते हुए व्यवस्थित तरीके से किया जाये, जहाँ रोड मिल रहे वहाँ थ्री डी प्लानिंग कर कार्य करें। सिंह ने निर्देश दिये कि माताजी टेकरी के पास जिन्हें दुकान लगाने का लाइसेन्स दिया है, उनकी ही दुकान लगने दी जाये। इनके अलावा काई दुकान नहीं लगनी चाहिए, वहां अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। नगर निगम देवास में भविष्य को देखते हुए लॉग टर्म ट्रेफिक मोबेलिटी प्लान बनाये। बस स्टैंड पर पार्किंग के प्लान बनाये। मीठा तालाब की सफाई करें। नगर निगम शहर में महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त मात्रा में स्ट्रीट लाइट लगाये। नगर निगम शहर में एबी रोड़ पर फुटपाथ पर लग रही सब्जी की दुकानें हटाये। कलेक्टर श्री सिंह ने जीडीसी कॉलेज, रूपाखेडी में रेलवे ब्रिज के पास लाईट लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि कलवार घाट पर दोनों ओर कॉन्वेक्स लेंस लगाए। कलेक्टर ने नगर निगम को निर्देश दिये कि शहर में नो पार्किंग एरिया में गाड़ी पार्क करने वालों पर कार्यवाही करें। शहर में नो पार्किंग के बोर्ड लगाए और अवैध पार्किंग पर कार्यवाही करें। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में नजूल की भूमि और पोस्ट ऑफिस के सामने से अतिक्रमण हटाये। सड़को का पेच वर्क कार्य अच्छे से करें। आरटीओ को निर्देश दिये कि रेती मण्डी को नेशनल हाइवे से अन्य जगह शिफ्ट करें। नगर निगम बकरा हाट के लिए 05 दिन में जगह देखे और बकरा हाट को अन्य जगह शिफ्ट करें। आईएसबीटी को ध्यान में रखते हुए ब्रिज बनाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले एवं शहर में सभी कनेक्टिंग रोड पर रम्बल स्ट्रिप लगाए। ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर कार्यवाही करें। उन्होंने मक्सी बायपास पर सिद्धिविनायक रेस्टोरेंट के पास से बिजली के पोल को शिफ्ट करने निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि बरसात को देखते हुए पुलों के पास साईन बोर्ड लगाए कि पुल पर पानी होने पर कोई पार नहीं करें। उन्होंने कहा कि राहवीर योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें। राहवीर योजना अंतर्गत दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को 15 अगस्त को सम्मानित करें।

## बस के अचानक ब्रेक लगाने के कारण शिक्षिका हुई सड़क हादसे का शिकार, मौत

चेन्नई में होगा अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



शहर के प्रतिष्ठित सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर मेरीबा राजकुमारी की गुरुवार सुबह स्कूल जाते वक्त सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई। बैक नोट प्रेस निवासी मेरीबा राजकुमारी पत्नी जेबराज एस रोज़ की तरह सुबह करीब 7.30 बजे स्कूटी से स्कूल जा रही थीं। उज्जैन रोड स्थित अभिनव टॉकीज के आगे जैसे ही उनकी टू-व्हीलर पहुँची, एक तेज़ रफ्तार बस ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे मेरीबा का संतुलन बिगड़ गया और वे सडक़ पर गिर पड़ीं। गिरते ही सिर में गंभीर चोट लगी, और घटनास्थल पर ही उनकी स्थिति चिंताजनक हो गई। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना स्कूल प्रबंधन को दी। स्कूल स्टाफ ने तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से उन्हें इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया। लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मेरीबा राजकुमारी मूलतः तमिलनाडु की रहने वाली थीं। उनका परिवार चेन्नई में रहता है। दो छोटे-छोटे बच्चों की मां मेरीबा अपने पूरे परिवार से दूर, देवास में नौकरी कर रही थीं।

पति जेबराज एस बैंक नोट प्रेस देवास में कार्यरत हैं। वे दो साल पहले ही सेंटमेरी कॉन्वेंट स्कूल में स्पोर्ट्स टीचर के रूप में सेवाएँ दे रही थीं। शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल देवास में किया गया, जिसके बाद पार्थिव शरीर को एयरलिफ्ट करके गृह नगर चेन्नई भेजा जा रहा है। परिजनों ने वहीं अंतिम संस्कार का निर्णय लिया हैं।

## शांति व्यवस्था भंग कर हंगामा करने वाले बदमाशों को थाना कमलापुर ने किया गिरफ्तार



**चापडा।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा अशांति फैलाने वाले बदमाशों पर लगातार कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। शांति भंग करने वाले बदमाशों पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी थाना कमलापुर उपेन्द्र नाहर को निर्देशित किया गया था। पुलिस थाना कमलापुर ने उक्त आदेश के पालन में लगातार कस्बे में पैदल भ्रमण व सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है । पुलिस सहायता केंद्र चापडा प्रभारी राकेश नरवरिया ने बताया कि इकलेरा फांटे के पास दो वाहनों की आपसी टक्कर के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया, जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति बन गई। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुँची। जहाँ मोहन पिता कैलाश राठौड़ उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम अंबाझर, मोहन पिता चंदू सिंह राठौड़ उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम अंबाझर, विजय पिता मोहनलाल प्रजापत उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नं. 9 करनावद द्वारा वाद विवाद कर चिल्ला चोंट कर शांति भंग कर रहे थे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर धारा 170 बी.एन.एस.एस के तहत कार्यवाही की गई । उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कमलापुर उनि उपेन्द्र नाहर,उनि राकेश नरवरिया,प्रआर सचिन कश्यप,आर बलराम परमार,विवेक की सराहनीय भूमिका रही।

## गुरु पूर्णिमा पर सांदीपनी शा. स्कूल बागली पर हुआ आयोजन




**बागली।** गुरु पूर्णिमा पर जीवन को आलौकिक करने वाले गुरुओं का आभार व्यक्त किया गया। शिक्षा से संबंधित कई पहलू नई सीख एवं सुझाव एवं मानव जीवन में किस तरह विद्यार्थी को अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके यह प्रेरणा स्रोत मार्गदर्शक प्रदान किए गए। जो की शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कठिनाई आए तो सरलता पूर्वक विचार ज्ञान एवं बुद्धि ठीक प्रकार से एक दूसरे के साथ अपने विचार को सजा कर गुरु एवं शिक्षक द्वारा से ग्रहण कर विद्या अर्जित की विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिएसंकल्पित किया गया।

## मुख्यमंत्री ने प्राचार्य बंसल को किया सम्मानित



**देवास।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र बंसल के मार्गदर्शन एवं समस्त शिक्षक साथियो के समर्पित भाव से विद्यार्थियों के हित में किये गए परिश्रम का प्रतिफल एक बार फिर गौरांवित करने वाली उपलब्धि के रूप में प्राप्त हुआ है। गुरुवार 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शासकीय सांदीपनि विद्यालय बालगढ़ देवास प्राचार्य देवेंद्र बंसल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यालय की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड में शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी परीक्षा परिणाम के लिए दिया गया।


## पानीगांव के अंतर्गत कालापाठा के पास से वन विभाग के अमले ने किया भालू का रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा



इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे 59 ए पर वन परिक्षेत्र पानीगांव अंतर्गत कालापाठा गांव के आगे अंकित ढाबे के समीप पुलिया के नीचे एक भालू को गुरुवार को देखा गया। कालापाठा के ग्रामीणों ने वन विभाग को भालू के दिखने की सूचना दी। सूचना मिलते ही जिनवाणी वन परिक्षेत्र अधिकारी सत्येंद्र ठाकुर, पानीगांव बिजवाड़ वन परिक्षेत्र अधिकारी सृजन जादव स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया।

पुल के दोनों तरफ जाली डाली गई जिससे भालू कही ओर भाग न पाए और वह सुरक्षित रहे। ग्रामीण दीपक सिंह दांगी ने बताया कि मेरे खेत से हाली का फोन आया की अपने खेत में भैंस के पास एक भालू बैठा है। मे और मेरा भतीजा मौके पर पहुंचे फिर हमने धीरे-धीरे उसको वहां से भगाया। वह पेट्रोल पंप के पास से निकल गया और वहां से जंगल की ओर चला गया। हमने वन विभाग व पुलिस को सूचना दी। कालापाठा निवासी कुलदीप सिंह पटवा ने बताया की सुबह 6 से 7 बजे के बीच पेट्रोल पम्प के पीछे एक मकान मे भालू देखा गया था। भालू वहीं से भाग कर पुलिया के निचे आकर बैठ गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी सृजन जादव ने बताया की भालू का रेस्क्यू कर लिया गया है और उसे खिवनी में छोड़ा जाएगा। इस दौरान वन परिक्षेत्र पानीगांव और वन परिक्षेत्र जिनवानी ने सयुंक्त करवाई की। भालू का रेस्क्यू करने में जिला रेस्क्यू दल प्रभारी हेमराज गोखले,वनरक्षक राजेश चौहान,अंकित मंडलोई वन विभाग के अधिकारी डिप्टी रेंजर भँवर सिंह इवने,डिप्टी रेंजर विनोद कुमार सिंह, वनरक्षक नीरज शर्मा, वनरक्षक जुगल पाटीदार, अवधराज



मिश्रा, अजय सिंह डोडियार, दिनेश धाकड़, जितेंद्र गुर्जर, मान सिह पटवा सहित अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

## सेनथॉम स्कूल में गुरु शिष्य पर्व गुरु पूर्णिमा मनाया


हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




गुरुवार को सेनथॉम स्कूल समूह में गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया।भोपाल रोड स्थित परिसर में छात्रों ने जीवन में गुरु के महत्व को दर्शाते हुए नाटक, गीत, नृत्य (गुरु वंदना), कविताएँ और भाषण प्रस्तुत किए। उन्होंने शिष्य आरुणी की कहानी का मंचन किया, जिसने अपने गुरु के आदेशों का पालन किया और अपने जीवन की परवाह न करते हुए पूरी रात नदी के किनारे बिताई और बाढ़ के पानी को आश्रम में घुसने और उसे नष्ट होने से रोका, क्योंकि गुरु का आदेश इस दुनिया में किसी भी चीज़ से अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। आरुणी को गुरु से वास्तविक ज्ञान और बुद्धि का वरदान प्राप्त हुआ। प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने श्रीकृष्ण-अर्जुन, सांदीपनि- श्रीकृष्ण, चाणक्य-चंद्रगुप्त मौर्य तथा रामकृष्ण परमहंस-स्वामी विवेकानंद जैसी प्रसिद्ध गुरु-शिष्य जोड़ियों की वेषभूषा में मंचपर आकर उनकी स्मृति दिलाई।बद्रीधाम नगर स्थित सेनथॉम पब्लिक स्कूल परिसर में शिक्षिका रीना वैक्सर ने हमारे जीवन में गुरु के महत्व को समझाया और यह भी बताया कि गुरु पूर्णिमा क्यों मनाई जाती है।सभी शिक्षकों द्वारा गुरु पूजन के पश्चात प्रसाद भी वितरित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सोमाली घोष ने भी इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डाला।

### भाजपा के सभी मंडलों ने साधु संतों, महात्माओं व गुरूजनों का किया सम्मान

# गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत बनाए रखने किए कई कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार आज गुरूपुर्णिमा के अवसर पर जिले के 25 सभी मंडलों में भारतीय संस्कृति के अनुरूप साधु संतो, महात्माओं एवं गुरूजनों का सम्मान किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव तथा विधायक गायत्री राजे पवार ने मां चामुंडा टेकरी पहुचंकर मां तुलजा चामुंडा एवं मां तुलजा भवानी के दर्शन कर नाथ संप्रदाय के पुजारी परिवार के गोपाल नाथ,अशोक नाथ और महेश नाथ का सम्मान किया। इसी तरह जवाहर चौक स्थित उक्त भाजपा जिला अध्यक्ष सेंधव व विधायक पवार ने रामद्वारा महंत स्वामी रामनारायण, संत श्री राम सुमिरन एवं बाल संत पुनीत राम का स्वागत कर पूजन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। इसके बाद नारायण कुटी सन्यास आश्रम पर गुरूजनों का सम्मान किया गया। जिले में सभी मंडलों में 150 से अधिक स्थानों पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा नेताओं व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इन अवसरों पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजू खंडेलवाल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, रवि जैन, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, भरत चौधरी, मनीष सैन, मनीष सोलंकी, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र नवगोत्री, मधु शर्मा, सुरेश सिलोदिया, शुभम चौहान, अजब सिंह सैंधव, हिमांशु राजोले, रणदीप मल्होत्रा, राजु पहाडिया, अजय पहाडिया कुलदीप जोशी , भरत व्यास सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे । उक्त जानकारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी ।सद्गुरु शिलनाथ मंडल ने किया गुरुओं का सम्मान गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री रामद्वारा मंदिर, गुरुद्वारा, बिलावली स्थित श्री राम मंदिर, रेवा बाग राम मंदिर सहित विभिन्न धर्मस्थलों पर सद्गुरु शीलनाथ मंडल द्वारा गुरुजनों का स्वागत-सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रद्धा और सम्मान की अभूतपूर्व झलक देखने को मिली। समारोह में देवास की लोकप्रिय विधायक गायत्री राजे पवार (राजमाता जी) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए गुरु परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु जीवन का वह आलोक स्तंभ हैं, जो हमें सत्य और सद्मार्ग की ओर अग्रसर करते हैं। जीवन में एक गुरु होना आवश्यक है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सेन,अजय पंडित, मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान, कुलदीप जोशी, नवीन सोलंकी, हिमांशु राजोले, अजय गुर्जर, सोनू झाला, अखिलेश धुरिया सहित समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ससम्मान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना तथा समाज में गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत बनाए रखा गया।

## मैजिक चालक ने भिखारी को मारी टक्कर, आधा किलोमीटर तक घसीटा, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर के एबी रोड पर गुरुवार सुबह चामुंडा कॉम्प्लेक्स के पास तेज गति से इंदौर की ओर से जा रहे मैजिक वाहन के ड्राइवर ने बीच सड़क से जा रहे एक भिखारी को टक्कर मारी और उसे घसीटता हुआ करीब आधा किलोमीटर तक ले गया। लोगों ने वाहन ड्राइवर का पीछा किया लेकिन वो पकड़ में नहीं आ सका।प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक टक्कर मारने के बाद ड्राइवर वाहन को लेकर आनंद बाग की ओर घुस गया था, रास्ते में जब भिखारी एक ओर वाहन से हटकर गिरा तो आनंदबाग से होते हुए वाहन ड्राइवर दूसरे रास्ते से एबी रोड पर आ गया। जब भिखारी वाहन से अलग हुआ तब तक वो जिंदा था, इसके बाद कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। उधर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर ड्राइवर वाहन लेकर भगाते हुए नअर आया है।घटना गुरुवार सुबह 8 बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एलएनबी क्लब के सामने की है। युवक मैजिक वाहन के नीचे ही फंस गया था। उसकी शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ड्राइवर को हिरासत में लिया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

खबर संक्षेप

## मोहन चौरसिया अध्यक्ष व लखन चौरसिया बने युवा अध्यक्ष




**सीहोर।** चौरसिया समाज सीहोर के चुनाव सिंधी धर्मशाला में संपन्न हुए। समाज के अध्यक्ष मोहन चौरसिया को पुनःआगामी कार्यकारिणी के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। चुनाव पदाधिकारी अशोक चौरसिया, धर्मेंद्र चौरसिया, श्रीमती उषा, प्रकाश चौरसिया, संरक्षक नीरज चौरसिया द्वारा समाज के अन्य पदों के उम्मीदवारों का निर्वाचन कर मनोनित किया गया। जिसमें युवा अध्यक्ष लखन चौरसिया, जिला महामंत्री जितेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष हरि ओम चौरसिया, सचिन, संतोष मामा चौरसिया, कोषाध्यक्ष मनोज चौरसिया पान एवं युवा महामंत्री शुभम चौरसिया, सचिव पवन चौरसिया, उपाध्यक्ष आशीष चौरसिया, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मीरा देवेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष अंजना गणेश चौरसिया, महामंत्री रजनी संजय चौरसिया, युवा महिला अध्यक्ष भावना निकेश चौरसिया, सचिव मेघा कपिल चौरसिया, उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा दिनेश चौरसिया को मनोनित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी गणेश चौरसिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं देवेंद्र चौरसिया, लोकेश चौरसिया द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इनकी इस नियुक्ति पर समाजजनों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएें प्रेषित की।

## श्योपुर को सीहोर फुटबॉल टीम ने 9-1 के विशाल अंतर से हराया

**सीहोर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शिवपुरी में आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता में सीहोर का मैच मंगलवार को श्योपुर से खेला गया इसमें सीहोर टीम 9-1 से विजय रही। इससे पहले ग्वालियर को एक तरफा मैच में सीहोर ने हराया था। सीहोर टीम की जीत ने साबित कर दिया है कि शहर के खिलाड़ियों में आक्रमक के साथ रक्षात्मक शैली में खेलने की विशेषता है। टीम की इस कामयाबी पर जिला फुटबाल एसोसिएशन ने बधाई दी है। मंगलवार को आयोजित इस मैच में सीहोर की ओर से नव्या, जयन ने तीन-तीन गोल किए, भवजोत ने दो गोल किए, सिद्धार्थ ने एक गोल किया टीम के कोच ध्रुव शर्मा, टीम मैनेजर पुष्प यादव है सीहोर टीम ने श्योपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश पर बधाई दी है।

### पीड़ित ने कलेक्टर को लिखित ज्ञापन देकर कार्रवाई करने के लिए मांग उठाई

# अतिथि शिक्षक को ज्वॉइन कराने के बदले में स्कूल प्रभारी ने मांगी घूस

गांव ब्रिजीशनगर निवासी मनोज राठौर ने मंगलवार को सीहोर पहुंचकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मनोज राठौर ने बताया कि वह पिछले तीन साल से सोहनखेड़ा मिडिल स्कूल में अंग्रेजी विषय से अतिथि शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र के ब्रिजीशनगर संकुल के तहत आने वाले मिडिल स्कूल सोहनखेड़ा में अतिथि शिक्षकों को ज्वाइन कराने के नाम पर स्कूल प्रभारी द्वारा 5 हजार की घूस मांगने का मामला प्रकाश में आया है। एक पीड़ित अतिथि शिक्षक ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इसकी शिकायत की है। साथ ही आरोपी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गांव ब्रिजीशनगर निवासी मनोज राठौर ने मंगलवार को सीहोर पहुंचकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मनोज राठौर ने बताया कि वह पिछले तीन साल से सोहनखेड़ा मिडिल स्कूल में अंग्रेजी विषय से अतिथि शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। नएं शैक्षणिक सत्र 2025 के लिए जब वह आनॅलाइन आवेदन कर ज्वाइन करने स्कूल में पहुंचे तो स्कूल प्रभारी बाबू लाल गोयल ने ज्वाइन कराने के नाम पर 5 हजार रुपए की मांग की । मैंने उक्त राशि देने में असमर्थता व्यक्त की तो श्री गोयल ने कहा कि बिना पैसे ज्वाइनिंग नही हो सकती। शेष अन्य अतिथियों को भी इस बार नहीं रखा गया है, जो अतिथि पैसे देगा उन्हीं को रखा जाएगा । पैसे ऊपर के अधिकारियों को भी देना पड़ता है। इस दौरान उन्होंने मेरी रिक्वेस्ट भी डिलिट कर दी। ज्ञापन में अतिथि शिक्षक ने स्कूल प्रभारी के साथ संकुल प्रभारी दिवाकर सिंह पर भी घूस लेने के आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



### पुराने अतिथि को देना है प्राथमिकता

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षकों को रखें जाने के निर्देश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी किए गए है। नियमानुसार जो अतिथि पूर्व से स्कूल में पदस्थ हैं उसे नए शैक्षणिक सत्र में प्राथमिकता देनी है। उसकी असहमति के बाद ही नए अतिथि शिक्षक की ज्वाइनिंग की जाना है। लेकिन स्कूल प्रभारी ने नियमों को धता बताते हुए उक्त पुराने अतिथि शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया ।

बताया जा रहा है कि मनोज राठौर के अलावा स्कूल में तीन अन्य लखन ठाकुर, स्वाती महेश्वरी, दीप्ती वर्मा अतिथि शिक्षक पिछले दो-तीन वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन इनको भी आरोपी स्कूल प्रभारी ने ज्वाइन नहीं कराया है। इस संबंध में स्कूल प्रभारी बाबू लाल गोयल का कहना है कि उक्त अतिथि शिक्षकों की सेवाएं संतोषजनक नहीं है, पालकों ने इनके स्थान पर नए अतिथि शिक्षक रखने की मांग की है। इस कारण इन्हें ज्वाइन नहीं कराया गया।

#### जांचकर की जाएगी कार्रवाई

अतिथि शिक्षक की शिकायत प्राप्त हुई है , जिसमें उसने स्कूल प्रभारी एवं संकुल प्रभारी पैसे मांगने के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच कराई जा रही है इसमें जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संजय तोमर,** जिला शिक्षा अधिकारी

## जुआ के अड्डे पर पुलिस का छापा

# निर्माणाधीन मकान से 5 जुआरी गिरफ्तार, 24 हजार 800 जब्त



**सीहोर।** बिलकिसगंज थाना पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनधार गांव के पास एक निर्माणाधीन मकान में छापा मारा। यहां से पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला और एसडीओपी पूजा शर्मा के निर्देश पर ये कार्रवाई की गई। उप निरीक्षक संदीप मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में प्रधान आरक्षक सुनील वर्मा, योगेश जाटव, आरक्षक तेजपाल सिंह, प्रमोद गढ़पाल, अंकित वर्मा और सचिन इनवाती शामिल थे। पकड़े गए आरोपियों में अनिल राजपूत (इंदिरा नगर कॉलोनी सीहोर), मुकेश मेवाडा (फ्रीगंज बिलकिसगंज), शुभम राठौड़ (दुर्गा कॉलोनी गंज सीहोर), संतोष यादव (बड़ी ग्वाल टोली गंज सीहोर) और एक अन्य संतोष यादव (बड़ी ग्वालटोली गंज सीहोर) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 24 हजार 800 रुपए की नकदी और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

## एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण

**सीहोर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोंठी एवं छतरी के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान के अंतर्गत मंदिर प्रांगण एवं शमसान भूमि में 21 पौधों का पौधारोपण कर पौधों को जीवित रखने का संकल्प लिया गया, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, नवांकुर संस्था प्रभारी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छतरी के अध्यक्ष राकेश शर्मा, ग्राम सोंठी समिति अध्यक्ष मथुरा गिरी, ग्राम बमुलिया दोराहा समिति अध्यक्ष थान सिंह मीना, ग्राम हसनपुर तिनोनिया समिति अध्यक्ष हिरदेश परमार एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# परिवार बेसहारा, मां की आंखों में आंसू, विभाग का सिस्टम अभी भी 'फॉर्मेलिटी' करने में उलझा

### करंट लगने से हुई थी युवक की मौत, विद्युत विभाग की जांच में उलझी फाइल

**भैरूंदा।** विद्युत विभाग चुप्पी और सिस्टम पर सवालिया निशान उठने लगे हैं। बीते दो सप्ताह बाद भी गरीब मजदूर की मौत की जांच अभी भी अधूरी है। एक गरीब परिवार का इकलौते बेटे की मौत का इंसाफ़ विभाग नहीं दिला पाया। ज्ञात हो कि 24जून को राला के समीप देवमाता स्कूल के पास बिजली पोल पर काम कर रहे गरीब मजदूर भगवान पिता रेवाराम परते निवासी ग्राम गिल्लोर 20वर्षीय को करंट लगने से उसकी मौत हो गई थी। लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक जिम्मेदारो पर न तो कार्रवाई हुई, न ही परिजनों को इंसाफ़ मिला। यह हादसा सिस्टम और विभाग की लापरवाही से होना बताया गया था। परिजनों ने आरोप लगाएं थे कि ठेकेदार कुंवर सिंह तवर एवं लाइनमैन जाकिर और हेल्पर गुरूदयाल की लापारवाही से बेटे जान गई थी।

मौके पर मौजूद मजदूर नरेंद्र ने भी बताया था कि पहले परमिट की बात की लगातार दो बार लाइनमैन जाकिर भाई और गुरू दयाल से फ़ोन पर बात की परमिट हों गया। जवाब मिला हा परमिट ले लिया है। काम शुरु करवाओ। मजदूर की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बिजली विभाग में शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों ने जांच का भरोसा देकर मामला शांत कराया था।

अब दो सप्ताह बीत जानें के बाद भी अधिकारियों से एक ही सवाल है आखिरकार जिम्मेदार कौन है। अधिकारियो से जवाब मिलाता है,जांच की जा रही है। हालाकि भैरूंदा थाना पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर अभी एक कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान लिए गए हैं। बयान दर्ज कर अभी एक कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जा रही है।



**कब तक चलेगी जांच, कब मिलेगा परिजनों को इंसाफ़ :** हर बार की तरह इस बार भी 'जांच' की घिसी-पिटी कहानी दोहराई जा रही है। मृतक का परिवार बेसहारा है। मां की आंखों में आसूं हैं। लेकिन विभाग का सिस्टम अभी भी 'फॉर्मेलिटी' में उलझा हुआ है।

**आखिर जिम्मेदार कौन नहीं पता, जांच में उलझी जान की फाइल :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस पोल पर मजदूर द्वारा काम किया जा रहा था, उसमें करंट कैसे दौड़ रहा था। इसकी जिम्मेदारी किसकी थीं क्या लाइनमैन ने परमिट लेकर बिजली बंद नहीं करवाई? क्या ठेकेदार ने सुरक्षा उपाय अपनाए? क्या मजदूर को बिना सुरक्षा के खंभे पर चढ़ा दिया गया? इन सभी सवालों का जवाब आज तक अधूरा है। कोई भी जवाब देने को तैयार नहीं, सिस्टम की चुप्पी, पीड़ित परिवार के लिए एक सजा सी बन चुकी है। मृतक का परिवार इंसाफ़ की रॉहे देख रहा है।, लेकिन बिजली विभाग के आला अफसर अभी भी चुप्पी साधे हुए हैं। न मुआवजा तय हुआ, न किसी कर्मचारी पर कार्रवाई हुई। बिजली विभाग की अनदेखी एक बार फिर साबित कर रही है कि मजदूर की जान की कोई कीमत नहीं।

पहले विद्युत विभाग के अधिकारियो ने बताया था हमारे विभाग का मामला नहीं है। यह बोल कर पहले अपना पल्ला झाड़ चुके हैं। सम्बंधित ठेकेदार कुंवर सिंह ने भी पहले बताया था विभाग को परमिट की सुचना दी गई थी। अब उन्होने बताया कि थाने में उनके और कर्मचारियों के नाम पर मामला दर्ज हुआ है।

इस संबंध में भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान लिए गए हैं। संबंधित ठेकेदार के कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज किया गया है, पुलिस प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई जांच अधार पर की जाएंगी।

## अमरनाथ यात्रा के लिए आज रवाना होंगे श्रद्धालु

**सीहोर।** बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में गुरुवार को दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के रेलवे स्टेशन से कश्मीर स्थित प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए शहर से श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ। 62 सदस्यीय मंडल के अध्यक्ष राम भरोस यादव के नेतृत्व में रवाना होगा। मंडल में 54 पुरुष और आठ महिलाएं शामिल है। श्री यादव के मुताबिक गुरुवार को श्रद्धालु शहर के रेलवे स्टेशन से मालवा ट्रेन से रवाना हुए। वे पहलगांव चंदन बाड़ी पहुंचकर इस मार्ग से पवित्र बर्फानी शिवलिंग के दर्शन के लिए चढ़ाई शुरू करेंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्री यादव ने बताया कि विगत 12 सालों से मंडल के द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जत्थे में शामिल होते है और पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते है। लगभग दस दिनों के इस सफर में प्रतिदिन भजन और कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है। इस मौके पर जिला संस्कार मंच सहित अन्य संगठनों के द्वारा बुधवार को बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे का स्वागत गया।

# कादराबाद के ग्रामीणों ने बारिश के पानी की निकासी के इंतजाम कराए जाने की मांग की

### निचले मोहल्ले के कई घरों में घुसा पानी ग्रामीणों को हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम कादराबाद के ग्रामीणों ने प्रशासन से बारिश के पानी की निकासी के इंतजाम कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया की तेज बारिश के समय निचले मोहल्ले के कई घरों में बारिश का पानी भर जाता है। घरों में पानी घुसने से जनजीवन बुरी तरह अस्तव्यस्त हो जाता है और पानी लगने से घर गृहस्थी का पूरा सामान खराब हो जाता है। जनसुनवाई में शिकायती पत्र देकर अमर सिंह आ नारायण सिंह, नीराजीदा नजीर खीं. ललता बाई पति कनीराम, देव सिंह आ नारायण सिंह ने बताया कि ग्राम के ही कुछ लोगों ने नाले पर अतिक्रमण कर लिया है जिस कारण बारिश का पानी घरों में घुस रहा है। अतिक्रमण हटाने का कहने पर यह लोग मारपीट करने की धमकी देते है। पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों ने मौका मुआयना कर पानी निकासी के लिए नाले से अतिक्रमण हटवाने और घरों में बारिश का पानी घुसने से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।



## मानव अधिकार जन चेष्टा परिषद के महासचिव बने मजीद खान



**सीहोर।** भारतीय सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार जन चेष्टा परिषद ने हाल ही में मजीद खान को महासचिव के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भारतीय सामाजिक न्याय एवं जन चेष्टा परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एम आसिफ रिजवी की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष तौसीफ सईद द्वारा प्रदान की गई है वही श्री सईद ने कहा कि मानवाधिकारों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, मजीद खान मानवाधिकारों के क्षेत्र में एक अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अपने करियर के दौरान विभिन्न संगठनों में काम किया है और मानवाधिकारों की रक्षा और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मानवाधिकार जन चेष्टा परिषद के महासचिव के रूप में, मजीद खान संगठन के दैनिक कार्यों का नेतृत्व करेंगे और मानवाधिकारों की रक्षा और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वह संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों का श्री खान के नेतृत्व में, मानवाधिकार मंच मानवाधिकारों के क्षेत्र में अपने कार्यों को विस्तारित करने और नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करेगा। संगठन मानवाधिकारों की रक्षा और प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण योगदान करेगा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करेगा। इस अवसर पर आजम लाला, रवि पांडे, सुनील परमार, मोहसिन खान,ऋषभ नाथ,नासिर खान, गोलू सेन, अमित तिवारी सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

### मूंग उपार्जन केंद्रों पर सुनिश्चित की जाएं सभी आवश्यक व्यवस्थाएंः एसपी

# बाढ़ राहत और बचाव की तैयारियों को रखा जाए चाक-चौबंद : कलेक्टर बालागुरु के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भैरूंदा में चल रहे बीएलओ प्रशिक्षण, लाड़कुई और रेहटी में बनाए गए मूंग उपार्जन केंद्र एवं ग्राम कोसमी में लगाए गए धरती आभा अभियान के शिविर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंनें बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों के संबंध में ग्राम छिंदगांव काछी पहुंचकर कोलार नदी, नीलकंठ एवं आंवलीघाट पहुंचकर नर्मदा नदी तथा रेहटी थाने का निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भैरूंदा एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी, बुधनी डीएस तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों का किया निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने ग्राम छिंदगांव में कोलार नदी तथा नीलकंठ एवं आंवलीघांट पर बाढ़ राहत एवं बचाव के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने नर्मदा तथा कोलार नदी का जल स्तर भी देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि नदियों में बाढ़ के दौरान बाढ़ आपदा एवं अन्य स्थितियों से निपटने के लिए सभी तैयारियां चाक चौबंद रखी जाएं। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव के सभी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और रेस्क्यू टीम को अलर्ट मोड पर रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित शिविर स्थलों के अतिरिक्त कंट्रोल रूम को भी सक्रिय रखें, ताकि सूचना मिलते ही त्वरित राहत एवं बचाव की कार्रवाई कर जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि पुल, पुलिया एवं रपटों सहित पहुंच मार्ग की निगरानी की जाए और पुल पुलियों पर पानी होने की स्थिती में नागरिकों को इन्हें पार करने से रोका जाए। इसके लिए भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने बाढ़ राहत एवं बचाव की तैयारियों के संबंध में रेहटी थाने का भी निरीक्षण किया।



**मूंग उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण**

कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने लाड़कुई एवं रेहटी में मूंग उपार्जन के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रो पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि विक्रय के लिए उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। यदि किसानों को कोई समस्या आये तो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए स्वच्छ पेयजल, बैठने के लिए कुर्सियों सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त संख्या में तौल कांटे, हम्माल एवं तुलावटी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

**ग्राम कोसमी पहुंचकर धरती आबा शिविर का किया निरीक्षण :** कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी श्री शुक्ला ने ग्राम कोसमी में धरती आबा अभियान के तहत आयोजित किए गए शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही न छूटे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करें कि किस परिवार को कौन सी योजना का लाभ अभी तक नही मिला है और उस योजना से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। यह अभियान जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य चलाया जा रहा है जो सरकार का प्राथमिकता वाला अभियान है। सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शिविरों में समय पर उपस्थित हो और जनजातीय समुदाय के सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करें।

# फर्जी दस्तावेजों से धोखाधड़ी कर हड़प ली आदिवासियों की जमीन



**सीहोर।** इमलीखेड़ा के आदिवासियों की जमीन फर्जी दस्तावेजों से धोखाधड़ी कर हड़प ली गई है। तहसील कार्यालय सीहोर में भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है उक्त आरोप समाजवादी पार्टी ने लगाए है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम मंगलवार को समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष इंदिरा भील ने कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन दिया गया है।

ज्ञापन में बताया कि पटवारी हल्का नंबर 76 राजस्व निरीक्षक मण्डल 2 ग्राम ईमलीखेडा में रहने वाले मिश्रीलाल, मुकेश, माल सिंह, कमल सिंह, प्रेम सिंह, अरूण सहित अन्य अनपढ़ अशिक्षित आदिवासियों की कृषि उपयोगी जमीन रईस मियां और राजकुमार एवं इंदर सिंह नामक व्यक्तियों के द्वारा शासन की योजना का लाभ दिलाने के नाम पर झूठावादा और लालच देकर कागज पर अंगूठे लगवा लिए थे। जिस के कुछ माह बाद आदिवासी काम के लिए गांव से बाहर चले गए जब वापस लौटे तो मालूम चला कि उनकी जमीन किसी और के नाम हो गई है। जबकि आदिवासियों के पास ऋण पुस्तिका खसरा नकल व सरकारी सभी दस्तोवज मौजूद है। उक्त जमीन वर्तमान में इन लोगों के नाम कैसे आई यह जांच का विषय है। समाजवादी पार्टी के बाबूलाल ने फर्जी्रबाड़े की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर उचित कार्यवाही कराने और राजस्व रिकार्ड से उनके नाम हटाकर असली जमीन के हकदारों के नाम दर्ज किए जाने की मांग प्रशासन से की है।

### एक डॉक्टर व एक स्टाफ नर्स के भरोसे चल रहा था शिविर, परेशान हुईं प्रसूताएं

# प्रसूताओं के शिविर में अव्यवस्थों पर सीएमएचओ ने जताई नाराजगी

## सीएमएचओ ने सिविल सर्जन, आरएमओ को बुलाकर दिए तल्ख निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान के तहत बुधवार को जिला अस्पताल में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। लेकिन उचित प्रबंधन के अभाव में शिविर में पहुंची अनेकों गर्भवति महिलाओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। महज एक डॉक्टर और स्टाफ नर्स के भरोसे पर यह शिविर चल रहा था जिसके चलते वहां की व्यवस्थाएं बिगड़ गईं।

इस बात की सूचना सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल को मिलने वे तुरंत प्रसूती विंग पहुंचीं और शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं ने उचित व्यवस्थाओं न होने संबंधी शिकायतें सीएमएचओ से की। इस पर सीएमएचओ ने सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल एवं आरएमओ डॉ. अमित कोली को स्टाफ बढ़ाने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाहियां नजर नहीं आनी चाहिए।




### बैठने के लिए भी नहीं थी उचित व्यवस्थाएं

हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए आयोजित इस शिविर को महज औपचारिकता के रूप में लगता नजर आ रहा था। गर्भवती महिलाओं के बैठने तक के लिए जिम्मेदारों ने उचित व्यवस्थाएं नहीं की थीं। इस पर सीएमएचओ डॉ. पटेल ने प्रसूताओं के लिए उचित व्यवस्था करने, पेयजल हेतु स्वच्छ पानी की व्यवस्था, हवा के लिए कूलर, पंखों की व्यवस्था सहित पौष्टिक स्वल्पाहार देने के निर्देश दिए।

### सभी को शेयर किया अपना मोबाइल नंबर

इस शिविर में आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों से गर्भवती महिलाओं को लेकर आई थीं। शिविर में उचित व्यवस्थाएं न देख आशाओं को भी बदइंतेजामी को लेकर चर्चा करते देखा गया। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने सभी आशाओं सहित अन्य को अपना मोबाइल नंबर शेयर किया कि भविष्य में कहीं किसी तरह की कमी या परेशानी होने पर उन्होंने कॉल लगाया जा सकता है। इस अवसर पर जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र पाल सिंह, जिला मूल्यांकन अधिकारी आनंद भारद्धाज सहित अन्य उपस्थित थे।

### खिलचीपुर और जीरापुर के शिविर का भी किया निरीक्षण

सीएमएचओ डॉ पटेल द्वारा जीरापुर क्षेत्र में पहुंचकर वहां आयोजित शिविर का भी निरीक्षण किया। यहां शिविर व्यवस्थित आयोजित किया जा रहा था। 36 गर्भवती में से 13 गर्भवती हाईरिस्क चिन्हित कि गई। साथ ही सीएमएचओ द्वारा ब्रहामण गांव में आयोजित होने वाले ब्लड डोनेशन कैंप की तैयारी हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं, खिलचीपुर में आयोजित शिविर के दौरान संतुष्टि पूर्ण व्यवस्थाएं नजर आईं। उन्होंने खिलचीपुर ब्लॉक के ग्राम हरिपुरा में उल्टी, दस्त के मरीजों की जानकारी लेकर बीएमओ को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

### 75 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ प्रभावित

# हड़ताल: जिले की विभिन्न बैंकों की 150 शाखाओं में लटके रहे ताले




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के आह्वान पर बुधवार को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के तहत जिले की भी सभी बैंकों में बुधवार को पूरे दिन ताले लटके रहे। बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई सहित सभी शासकीय, निजी एवं सहकारी बैंकों की जिले में 150 से अधिक ब्रांचों में हड़ताल होने से सैकड़ों ग्राहकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दरअसल, आम नागरिकों को बैंकों की इस हड़ताल के संबंध में पूर्व से अधिक जानकारी नहीं थी। ऐसे में बैंकों से जुड़े अपने विभिन्न कामों, लेन-देन इत्यादि के लिए जब उपभोक्ता वहां पहुंचे तो ब्रांचों में ताले लटके देख खासे परेशान हुए। सभी बैंकों की इस हड़ताल से पूरे जिले में करीब 75 करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की जन एवं श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बैंकिंग क्षेत्र के दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों एवं स्वतंत्र टेड यूनियनों के आव्हान पर यह हड़ताल रखी गई थी।

### यह थी संगठनों की मांगें

इस एक दिवसीय हड़ताल के जरिए संगठनों ने चारों श्रम संहिताओं, लेबर कोड्स को खत्म करने, ठेका कर्मचारियों के लिए समान कार्य पर समान वेतन, पुरानी पेंशन योजना बहाल करते हुए एनपीएस एवं यूपीएस खत्म करने, आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से 45 दिनों के अंदर टेड यूनियनों का पंजीकरण अनिवार्य करने, बिजली संशोधन विधेयक 2022 वापस लेने सहित अन्य 17 सूत्रीय मांगें शामिल थीं।

### तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार को लगी चोंट



**जीरापुर।** नगर के समीपवर्ती ग्राम पीपल्दा में तेज रफ्तार अल्टो कार ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक को चोटे आई हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दरज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोतीपुरा निवासी विनोद पिता घनश्याम विश्वकर्मा उम्र 27 साल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि प्रतिदिन की तरह कारीगरी का कार्य करने के लिए बुधवार की सुबह अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल से जीरापुर जगदीश ठेकेदार के यहां आ रहा था। इस दौरान गुड्डू पिता कन्हैयालाल विश्वकर्मा की कार जो तेज गति व लापरवाहिक पूर्वक से बाइक के पीछे से टक्कर मार दी। फरियादि की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया। दुर्घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# 15-20 आदमियों ने गैंग बनाकर सटर के ताले काटकर डकैती डालने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया



नगर के सराफा व्यवसाई के यहां मंगलवार रात्रि को 15-20 आदमियों ने गैंग बनाकर सटर के ताले काटकर डकैती डालने का प्रयास किया। नगर में बढ़ रही इन वारदातों से नागरिकों में भय व्याप्त है। व्यापारी ने इस घटना की शिकायत सुठालिया पुलिस से करते हुए अपराधियों को अबिलंब पकड़ने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गढी मोहल्ला स्थित वार्ड क्रमांक 9 के सर्राफा व्यवसाई करण पिता प्रकाश सोनी ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार रात्रि को लगभग 3 बजे 15 से 20 अज्ञात लोगों ने गैंग बनाकर मेरे मकान में जिसमें में नीचे मेरी ज्वैलरी की दुकान भी है जिसकी शटर के ताले को हथियारों से काटकर शटर तोड़ने का प्रयास किया। वारदात के समय मोहल्ले में कुत्ते भोंकने की आवाज से आसपास मकानों में लोग जाग गए और उन्होंने मुझे फोन करके जानकारी दी कि मेरे घर की शटर कुछ लोग तोड़ रहे हैं। मैं जब नीचे उतरकर अपनी शटर खोलने लगा तो मुझे उसका ताला चटका हुआ मिला। इतने समय में सभी अपराधी वहां से रफुचक्कर हो चुके। मेरी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी अपराधियों ने नुकसान पहुंचाया जिससे यह वारदात केमरो में केद नहीं हो सकी। समीप ही एक अन्य व्यापारी के केमरा में अपराधियों की आवाजाही देखी गई। करण सोनी ने पुलिस को बताया कि मेरे घर एवं दुकान में लाखों रूपए के सोने चांदी के जेबरात व कीमति सामान रखा हुआ है। इस वारदात के कारण मुझे अपनी व अपने परिवार की जान माल का खतरा बना हुआ है वैसे तो मोहल्ले में लोगो के जागने के कारण इन अपराधियों का प्रयास असफल हो गया हो सकता है अपराधी पुनः ऐसी वारदातें कर सकते हैं। इसलिए पुलिस को मुस्तैदी से अपराधियों को जल्दी से जल्दी पकड़कर इस वारदात का खुलासा करना चाहिए। सोनी ने बताया कि मोहल्ले में कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। गत दिनों एक मोटर साइकिल रजिस्टर्ड क्र. एमपी 39 एमपी 4185 की चोरी हो गई जिसका कुछ पता नहीं चला।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हुई सौजन्य भेंट

### नरसिंहगढ़ आगमन व विकास योजनाओं को लेकर चर्चा



**कुरावर।** बुधवार को दोपहर में मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर आगामी नरसिंहगढ़ आगमन को लेकर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में वर्षा की संभावनाओं के कारण प्रस्तावित कार्यक्रम को स्थगित किया गया है, परंतु उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही नरसिंहगढ़ के दौरे पर अवश्य आएंगे। इस अवसर पर पार्वती रेसई बांध परियोजना को लेकर एक महत्वपूर्ण मांगपत्र मुख्यमंत्री को सौंपा गया, जिसमें मानपुर से लेकर इकलेरा व बोड़ा तक के लगभग 50 से 60 गांवों को इस परियोजना में सम्मिलित करने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। साथ ही, बरखेड़ीगड़ी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले आश्रित गांवों की पात्र बहनों को लाडली बहना योजना में सम्मिलित कर उन्हें इस योजना का लाभ देने के लिए भी आग्रह किया गया और इस विषय में भी एक ज्ञापन पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विषयों पर गंभीरता से विचार करने और जनहित में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।


### नपाध्यक्ष के वार्ड की सड़क भी अटकी, पूर्व सीएमओ के कार्यकाल से चल रही थी प्रक्रिया

# नपा के 5 करोड़ के टेंडर निरस्त, सबसे ज्यादा वार्ड 2 और 15 में नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर नगर पालिका अंतर्गत 7 वार्डों में होने जा रहे 5 करोड़ के सीसी सड़क और मंदिरों में पेवर्स ब्लॉक सहित सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को ग्रहण लग गया है। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने बीते 27 फरवरी को इनका भूमिपूजन किया था। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सीएमओ बदल गए। जन चर्चा यह है कि कमीशन की राजनीति के चलते यह टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। रुके हुए कार्यों में सबसे ज्यादा नुकसान वार्ड 2 के रहवासियों को हुआ है यहां दर्जन भर से ज्यादा सीसी सड़कें अब निर्माण से वंचित हो गयी है। वहीं नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल के वार्ड 4 में भी टेंडर निरस्त हुए हैं। बुधवार को टेंडर निरस्त होने का मामला सामने आने के बाद आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

दरअसल नई नपाधिकारी ज्योति सुनहरे ने 19 जून को ज्वाइन किया था। इसके पांच दिन बाद 24 जून को टेंडर निरस्त कर दिए गए। इसी बीच डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणित करवाने के लिए नपाधिकारी न तो नपाध्यक्ष से मिली और न ही चर्चा की ऐसे में संभागीय कार्यालय से एक तरफा आदेश होने से नाराज नपाध्यक्ष ने बेंको से राशि आहरण के लिए डिजिटल हस्ताक्षर अमान्य कर दिए जिससे तकरार बढ़ गई है। मामले में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल का कहना है कि मेडम ने 19 जून को ज्वाइन किया था उसके पांच दिन बाद ही टेंडर निरस्त कर दिए गए। वहीं नपाधिकारी ज्योति सुनहरे का कहना है कि पूर्व में पदस्थ सीएमओ दीपक के हस्ताक्षर से टेंडर निरस्त हुए हैं मैंने नहीं किए है। लेकिन पूर्व सीएमओ के रिलीव होने के पांच दिन बाद निरस्ती करण की प्रक्रिया सवाल खड़े कर रही है। वहीं उपाध्यक्ष भावना निलेश पालीवाल ने बताया मुझे तो मीडिया से ही ऐसी जानकारी मिली है। कमीशन खोरी के चलते हुआ या अन्य कोई कारण है हमें जानकारी ही नहीं है। शहर के विकास के 21 टेंडर हुए हैं निरस्त।




### राज्य शिक्षक संघ ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# ई-अटेंडेंस सिर्फ शिक्षकों पर नहीं बल्कि हर विभाग पर हो लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्कूल शिक्षा विभाग ने 1 जुलाई से जिले के समस्त स्कूलों में हमारे शिक्षक एप के जरिए शिक्षकों हेतु ई-अटेन्डेंस व्यवस्था शुरू की है। इसके तहत हर शिक्षक को इस एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवानी है अन्यथा की स्थिति में संबंधित शिक्षकों को उनके वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।

विभाग की इस व्यवस्था के विरोध में राज्य शिक्षक संघ के बैनर तले मंगलवार दोपहर जिले भर के अनेकों शिक्षक मुख्यालय पर एकत्रित हुए। सभी ने यहां मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ई-अटेन्डेंस की उक्त व्यवस्था सिर्फ शिक्षकों पर लागू करने से समाज में ऐसा संदेश जा रहा है कि शिक्षकगण अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं और इसीलिए यह व्यवस्था सिर्फ शिक्षा विभाग में अनिवार्य की गई है। मात्र शिक्षकों के लिए शासन का यह कदम गुरू पद की गरिमा को न केवल क्षति पहुंचा रहा है बल्कि सभी शिक्षकों का अंतर्मन भी आहत है। ऐसे में समूचा शिक्षक समुदाय शासन से मांग करता है कि ई-अटेन्डेंस व्यवस्था शासन के समस्त विभागों पर लागू की जाए एवं तब तक के लिए यह व्यवस्था स्थगित रखी जानी चाहिए।

**बोलीं-छोटी कमियों को दूर करने के लिए हैं निर्देश**

# लखनवास स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में कमियों पर विभागीय इंजीनियर ने लगाया विराम

### ग्रामीणों के आरोप कि ड्राइंग के मानकों के हिसाब ने नहीं हो रहा है निर्माण

**ब्यावरा।** लखनवास में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग पर ग्रामीणों द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर लगातार आरोप लग रहे हैं। यदि वहां पर काम कर रहे मिस्त्री की बात को सही माने तो उसका कहना है कि बिल्डिंग के पुटिंग जाल, कॉलम में लगी रिंग और ईंट को लेकर काम ड्राइंग के मानकों के हिसाब ने नहीं हो रहा है। बताया गया कि पुटिंग जाल में आधे से कम सरिया लगाया गया है और कॉलम में रिंग 4 व 6 इंच पर होना चाहिए तो वह 8 से 9 इंच की दूरी पर लगाए गए है। वहीं पिलिंथ के वीम में लगाया गया सरिया भी 16 की जगह 12 एमएम का उपयोग किया गया है, साथ ही ईंट की क्वालिटी को लेकर भी सवालिया निशान उठ रहे है इसकी सही जांच होनी चाहिए। इस सभी आरोपों को विभागीय इंजीनियर दिलकश खान ने विराम लगाते हुए कहा कि जिस तरह से बार बार घटिया निर्माण की बात की जा रही है वो सही नहीं है मैंने चेक किया है कुछ कमियां थी जो ठेकेदार को बता दी गई है और हर 15 दिन में सतत निगरानी भी रखी जा रही है।



### सचिव व रोजगार सहायकों की बैठक के दौरान दिए गए निर्देश

# बाल-विवाह रोकने के लिए पंचायत क्षेत्रों में संधारित किए जाएं विवाह पंजीयन रजिस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जनपद पंचायत राजगढ़ में बुधवार को बाल-विवाह रोकथाम एवं विवाह पंजीयन की अनिवार्यता को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद सीईओ आशीष जोशी की उपस्थिति में समस्त पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों ने सहभागिता की।

बैठक में चर्चा के दौरान बताया कि पंचायत स्तर पर बाल-विवाह पर निगरानी बढ़ाना और विवाह पंजीयन रजिस्टर के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम ने भी सहभागिता की और बाल-विवाह एवं बाल सगाई जैसे गंभीर विषयों पर प्रस्तुति दी। सोसायटी की रजनी प्रजापति ने बताया कि हर पंचायत में विवाह पंजीयन रजिस्टर का होना न केवल कानूनी रूप से आवश्यक है, बल्कि यह बाल-विवाह की रोकथाम के लिए एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि सोसायटी द्वारा चयनित ग्रामों में भी ऐसे रजिस्टर तैयार किए जा रहे हैं ताकि प्रत्येक विवाह की सूचना समय पर दर्ज हो सके।

### पंचायतों में विवाह पंजीयन रजिस्टर करें संधारित

बैठक में जपं सीईओ जोशी ने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में विवाह रजिस्टर अनिवार्य रूप से तैयार करें और उसका नियमित संधारण करें। उन्होंने कहा कियह रजिस्टर केवल रिकॉर्ड नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने का एक दस्तावेज बन सकता है। इससे बाल-विवाह जैसे मामलों में समय रहते रोक लगाई जा सकती है।

### महिलाओं ने विधायक को जल भराव की स्थिति से कराया अवगत

**कुरावर।** नगर में बीते मंगलवार को नगर परिषद द्वारा एक पेड़ मां के अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण करने आए विधायक मोहन शर्मा जब कार्यक्रम से लौट रहे थे तभी रास्ते में वार्ड 6 की गृहणी महिला नीलू अग्रवाल, रमा चंद्रवंशी, पिंकी शर्मा, ललता राठौर एवं सरोज कुशवाहा ने विधायक को रास्ते में रोककर उनके घर के आगे बारिश के पानी से मचे कीचड़ से अवगत कराया। तो इस समय विधायक मोहन शर्मा ने वहीं पर मौजूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन को हुक्क्त मार्ग को ठीक करने की बात कही तो मंगलवार शाम को विधायक के निर्देश पर मार्ग का समतलीकरण किया गया जिस वार्ड वासियों को आवागमन की सुविधा भी हुई मार्ग को ठीक करने में कई माह से परेशानी आ रही थी।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई 62 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में 09/07/2025 को आबकारी वृत्त गुना 1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा पटेलनगर तालाब के पास व्यक्ति खलनायक पुत्र बादल पारदी एवं श्रीबाई पत्नी कुकी पारदी के कब्जे से 01 झोला,01 बोरी एवं 01 प्लास्टिक की केन मे 62 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गयी जो की पन्नी पाउच मे भरी हुई थी । अतः आरोपियों के विरूद्ध म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)A व 34(2)के तहत कुल 02 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए । उक्त मदिरा का अनुमानित मूल्य रूपये 12800/- है । उक्त कार्यवाही में आबकारी प्रधान आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा आरक्षक राजेन्द्र कुमार पांडेय, महिला आरक्षक भावना दूबे एवं पूजा रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है ।

